प्रशासक प्रफुल पटेल द्वारा

दानह में 1 हजार करोड के नये निवेश को मंजूरी

- 5 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- दादरा नगर हवेली औद्योगिक निवेश प्रक्रिया को अब मिलेगी नयी गति



सिलवासा, 20 फरवरी (नि.सं.)। संघप्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली प्रशासक प्रफुल पटेल की अध्यक्षता में आज दमण के सचिवालय सभागार में दादरा नगर हवेली की 10वीं निवेश प्रोत्साहन परिषद का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में प्रशासक प्रफुल पटेल ने दादरा नगर हवेली में 1 हजार करोड के नये निवेश को मंजूरी दी। इससे प्रदेश के 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। 1 हजार करोड के निवेश को मंजूरी मिलने से दादरा नगर हवेली औद्योगिक निवेश प्रक्रिया को अब नयी गति मिलेगी। संघ प्रदेश दानह में व्यापार शुरु करने के लिये 149 प्रस्तावों को सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी दी गई, जिसमें 16 बडे यूनिट, 2 मध्यम यूनिट, 71 छोटे यूनिट और 60 माईक्रो एन्टरप्राइज शामिल है। यह यूनिट रूपये 1000 करोड के निवेश से स्थापित किये जाएंगे जिससे करीब 5200 व्यक्तियों के लिये रोजगार उत्पन्न होंगे। निवेश प्रस्तावों में उत्पादन गतिविधि यानि कि 79 प्लास्टिक सेक्टर की ईकाई, 16 इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं इंजीनियरिंग ईकाई, 13 यूनिट टेक्सटाइल सेक्टर में, पेपर और मेटल सेक्टर में 9 यूनिट, गैर-प्रदूषित केमिकल सेक्टर में 5 और अन्य सेक्टर में 18 यूनिट शामिल है। साथ ही 8.27 करोड रूपये के विभिन्न श्रेणियों में 16 औद्योगिक ईकाईयों के सब्सिडी क्लेम मुक्ति की सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी दी गई।

Scanned by CamScanner

संघ प्रदेश में छोटे - बड़े 149 उद्योग प्रस्तावों को मिली मंजूरी

एक हजार करोड़ के निवेश होने से क्षेत्र के विकास को लगेंगे पंख

हजारों रोजगार के अवसर होंगे उपलब्ध

सिलवासा, मंगलवार को प्रशासक प्रफुल पटेल की अध्यक्षता में संघ प्रदेश दानह इन्वेस्टमेन्ट प्रमोशन काउन्सील की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 163 उद्योगों की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है। जिसमें बड़े उद्योगों के साथ ही मध्यम और लघु औद्योगिक इकाइयां शामिल हैं। ज्ञातव्य है कि प्रशासक प्रफुल पटेल के कार्यकाल में संघ प्रदेश में माहौल उद्योगों के अनुकूल होने से यहां नए उद्योग स्थापना के अवसर का लाभ लेने को औद्योगिक इकाइयां उत्सुक हैं। जिसके अंतर्गत दानह में कई उद्योगों की स्थापना की मंजूरी के लिए आवेदन किया गया था। इस संबंध में मंगलवार को दमण सचिवालय में प्रशासक प्रफुल पटेल की उपस्थिति में बैठक में 16 बड़े, दो मध्यम तथा 71 छोटे और 60 माइक्रो उद्योग मिलाकर कुल 149 उद्योगों की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि इन उद्योगों के कारण प्रदेश में करीब एक हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। साथ ही करीब 5200 नौकरियों का सृजन होने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जानकारी के अनुसार मंजूर किए गए उद्योगों में 79 प्लास्टिक सेक्टर, 16 इलेक्ट्रीक , इलेक्ट्रानिक और इंजीनियरिंग तथा 13 इकाइयां टेक्सटाइल्स क्षेत्र की हैं। इसके अलावा 9 इकाइयां पेपर, मेटल्स सेक्टर, 5 गैर प्रदूषित केमिकल सेक्टर तथा 18 औद्योगिक इकाइयां अन्य सेक्टर से हैं। इसके साथ ही काउन्सील की बैठक के दौरान अलग अलग कैटेगरी की 16 इकाइयों के लिए 8.27 करोड की सब्सिडी क्लेम भी मंजूर किया गया है।

ज्ञात हो कि प्रशासक प्रफुल पटेल के प्रयास से यह औद्योगिक क्षेत्र नई प्रगति के सोपान रच रहा है। उनका प्रयास औद्योगिक विकास के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा प्रदेश में विकास कार्य को रफ्तार देना है। जब से प्रफुल पटेल ने प्रशासक का कार्यभार संभाला है तब से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में आई पारदर्शिता तथा औद्योगिक क्षेत्र में अराजक तत्वों की दखलंदाजी भी काफी हद तक खत्म होने से उद्योगपति यहां निवेश करने को उत्सुक हैं। जिसका असर मंगलवार को हुई बैठक में भी देखा गया। इस बैठक में 149 उद्योगों को स्थापित करने की मंजूरी से यह साबित होता है कि प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है।

Scanned by CamScanner

प्रशासक प्रफुल पटेल ने दानह में 1 हजार करोड के नये निवेश को दी मंजूरी

■ 5 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार ■ दादरा नगर हवेली औद्योगिक निवेश प्रक्रिया को अब मिलेगी नयी गति

सिलवासा, 20 फरवरी। संघ प्रदेश दमण-दीव एवं दादरा नगर हवेली प्रशासक प्रफुल पटेल की अध्यक्षता में आज दमण के सचिवालय सभागार में दादरा नगर हवेली की 10वीं निवेश प्रोत्साहन परिषद का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रशासक प्रफुल पटेल ने दादरा नगर हवेली में 1 हजार करोड के नये निवेश को मंजूरी दी। इससे प्रदेश के 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। 1 हजार करोड के निवेश को मंजूरी मिलने से दादरा नगर हवेली औद्योगिक निवेश प्रक्रिया को अब नयी गति मिलेगी। संघ प्रदेश दानह में व्यापार शुरु करने के लिये 149 प्रस्तावों को सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी दी गई, जिसमें 16 बडे यूनिट, 2 मध्यम यूनिट, 71 छोटे यूनिट और 60 माईक्रो एन्टरप्राइज शामिल है। यह यूनिट रूपये 1000 करोड के निवेश से स्थापित किये जाएंगे जिससे करीब 5200 व्यक्तियों के लिये रोजगार उत्पन्न होंगे। निवेश प्रस्तावों में उत्पादन गतिविधि यानि कि 79 प्लास्टिक सेक्टर की ईकाई, 16 इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं इंजीनियरिंग ईकाई, 13 यूनिट टेक्सटाइल सेक्टर में, पेपर और मेटल सेक्टर में 9 यूनिट, गैर-प्रदूषित केमिकल सेक्टर में 5 और अन्य सेक्टर में 18 यूनिट शामिल है। परिषद में रूपये 8.27 करोड के विभिन्न श्रेणियों में 16 औद्योगिक ईकाईयों के सब्सिडी क्लेम मुक्ति की सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी दी गई है।

Scanned by CamScanner